तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

अलग अलग सड़क हादसों में दो घायल 4



## खबर संक्षेप

### कांग्रेसी आज मनाएंगे पार्टी का 140वां स्थापना दिवस

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि टीपी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस 28 दिसम्बर को मनाया जावेगा । उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्षद्वय ने युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयुआई, इंटक, पार्षद, पूर्व पार्षद, सेवादल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ, पार्षद प्रत्याशी, जिला, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारियों सहित कांग्रेस संगठन, प्रकोष्ठ, मोर्चा संगठन के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों को समय पर पहुंचने आग्रह किया है।

### एमपीनगर में 20 से अखंड नवधा रामायण

**कोरबा।** केसरवानी जनरल स्टोर के पीछे अटल आवास एमपी नगर में 20 जनवरी से 10 दिनों तक भगवान श्रीराम की भक्ति की बयार बहेगी। कलश यात्रा, वेदी पूजन व ग्रंथ स्थापन के साथ अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ होगा। आचार्य प्रेम शंकर पांडेय पूजन संपन्न कराएंगे। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित नवधा रामायण में नगर सहित अन्य जिलों से मानस मंडली भगवान श्रीराम की संगीतमय कथा का रसपान कराएंगे। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मानस गायन का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। मानस मंडलियों व श्रोतागणों के लिए पूरे 10 दिनों तक 24 घंटे भंडारा की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। 21 जनवरी को मांगलिक पूजन, नवान्हिक पाठ आरंभहोगा। हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा, चढ़ोत्तरी, कथा विश्राम व ब्राम्हण भोज 30 जनवरी को आयोजित है। आचार्य कांशीनगर वाले पं प्रेम शंकर पांडेय विधि विधान से पूजन अर्चन कराएंगे।

### आक्रोशित युवाओं ने कुचला बांग्लादेश का झंडा

**कोरबा।** जिले में कई स्थानों पर आक्रोशित हिन्दू युवाओं ने बांग्लादेश के झंडे को पैरों तले कुचलकर अपना विरोध जताया है। इस प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अलर्ट रही। मौका था गीता जयंती पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के शौर्य प्रदर्शन का। हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम संगठन के द्वारा किए जाते है। हाल में बांग्लादेश में हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए जिले में नाराजगी है। इसलिए चौक चौराहे पर बांग्लादेश के झंडे को कुचला गया। विहिप और बजरंग दल के शौर्य प्रदर्शन का कुछ जगह महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पंप हाउस कॉलोनी मैदान में सभा के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

### ठंड से बचने वृद्ध ने लिया अलाव का सहारा, जलकर मौत

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में एक बड़ी घटना घटित हुई। जहाँ कड़ाके की ठंड से बचने की कोशिश एक वृद्धा के लिए जानलेवा साबित हो गई।पूरी घटना ग्राम सामारूमा की है, जहां गांव में रहने वाली 84 वर्षीय गुरूबारी बाई शनिवार को अपने घर में ठंड से राहत पाने के लिए अलाव ताप रही थीं। इसी दौरान अलाव की चिंगारी ने उनके कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। उम्र के इस पड़ाव पर वह जब तक कुछ समझ पातीं या मदद के लिए पुकारतीं, आग की लपटें उनके पूरे शरीर में फैल चुकी थीं।परिजनों को जैसे ही घटना की आहट हुई, उन्होंने आनन-फानन में मौके पर पहुँचकर भारी मशक्कत के बाद आग बुझाई। हालांकि, तब तक गुरूबारी बाई काफी गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहाँ उन्होंने कई घंटों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष किया। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद, वृध्द की मौत हो गई।

# अब नए साल में होगी प्राइमरी, मिडिल की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं

## दिसंबर माह में होनी थी दोनों स्कूल की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एसआईआर के कारण प्राइमरी और मीडिल स्कूल की स्थगित की गई अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं नये साल में आयोजित की जाएंगी। मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के कारण इन दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया गया था। परीक्षाओं के लिए नई समय सारिणी शीघ्र ही जारी की जाएगी। इनके प्रश्न पत्र पहले ही शिक्षा विभाग के पास पहुंच चुके हैं।

पिछले साल से 5वीं और 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा लिए जाने के बाद इन कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं में तिमाही और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक जोड़े जाने के नए नियम जारी होने के बाद सभी छात्रों को तिमाही और छमाही परीक्षा में उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। परीक्षा प्रणाली की व्यवस्था में बदलाव करते हुए अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र भी स्थानीय स्तर पर नहीं छप रहे हैं अपितु स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा भेजा जा रहा है। शिक्षण सत्र 2025-26 में तिमाही परीक्षाएं तो विभाग के द्वारा समय पर ली गई थी लेकिन जब छमाही परीक्षा का समय आया तब निर्वाचन आयोग का एसआईआर कार्यक्रम शुरु होने से प्राइमरी और मीडिल स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रुप में लगा दिए जाने से 12 दिसंबर से होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं स्थगित कर दी गई। मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 16 दिसंबर को समाप्त हुआ है और अब अर्द्धवार्षिक परीक्षा लिए जाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। नए वर्ष के जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी जाएगी। इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्र पहले से ही छपकर पहुंच गए हैं। परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र उल्लेखित उत्तर पुस्तिकाएं दी जाएंगी। विभाग के द्वारा प्रश्न पत्र वितरण का काम जनवरी महीने में ही शुरु किए जाएंगे।

**खास बात**

- एसआईआर के कारण स्थगित करने का लिया गया था निर्णय



## करतला के तीन, कोरबा के दो कोल ब्लॉक शामिल

# जिले के पांच कोल ब्लॉकों के लिए रिलायंस व एक्सिस ने लगाई बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमर्शियल माइनिंग के तहत 14वें दौर के नीलामी में शामिल जिले के 5 कोल ब्लॉकों की नीलामी के लिए रिलायंस व एक्सिस नामक कंपनी ने बोली लगायी है। इससे भविष्य में कमर्शियल माइनिंग से भी कोयला खदानों की संख्या बढ़ेगी। जिले में एसईसीएल की कोयला खदानें पहले से ही संचालित हैं, इनमें खुले मुहाने की कोयला खदान के अलावा भूमिगत खदानें भी हैं। जिन खदानों के लिए बोलियां मिली है, उनमें से तीन करतला और दो खदानें कोरबा ब्लॉक में शामिल है। ये सभी खदानें 1 हजार मिलियन टन से अधिक उत्पादन क्षमता की है।

कैप्टिव माइनिंग के बाद अब वर्ष 2020 से कमर्शियल माइनिंग से कोयला खनन को केंद्र सरकार ने अनुमति दे दी है। इसके बाद से कोल ब्लॉकों को चिन्हित कर कमर्शियल माइनिंग से प्राइवेट प्लेयर्स को खनन का अधिकार देने नीलामी सूची में रखा जा रहा हैं। इससे अब कोयला खनन में कोल इंडिया का एकाधिकार समाप्त हो गया है। दूसरी ओर कोयला खनन में कोल इंडिया के लिए व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। कोयले के व्यवसायिक खनन का विरोध भी हुआ है। लेकिन इसे वापस लेने के बजाय कोल ब्लॉकों को कमर्शियल माइनिंग से आवंटित किया जा रहा है। 14वें दौर में 41 कोल ब्लॉकों को नीलामी सूची में रखने के बाद कंपनियों से बोलियां मंगाई गई। इनमें शामिल कोरबा के 5 कोल ब्लॉक के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एक्सिस एनर्जी वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की बोलियां मिली है। 5 कोल ब्लॉक में करतला विकासखंड के करतला साऊथ, कलगामार, मदवानी और कोरबा विकासखंड के बताती कोल्गा वेस्ट व तौलीपाली ब्लॉक है। अब इनकी बोलियों का मूल्यांकन तकनीकी मूल्यांकन समिति करेगी। इसके बाद योग्य बोलीदाताओं को नीलामी में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

**खास बात**

- सभी कोल ब्लाकों में एक हजार मिलियन टन से अधिक की उत्पादन क्षमता



फाइल फोटो

### कूप कटाई के नाम पर पेड़ों के काटने का आरोप

कोल्गा के जिस जंगल में कोल ब्लॉक चिन्हित की गई है, वहां के ग्रामीण दो दिन पहले कूप कटाई के नाम पर पेड़ों को काटने का आरोप लगा चुके हैं। वनमंडल कोरबा के पसरखेत परिक्षेत्र में कोल्गा का जंगल है। करतला क्षेत्र में कोल ब्लॉक चिन्हित करने के बाद अब नीलामी कर आवंटन की प्रकिया पूरी किए जाने से ग्रामीणों को गांव उजड़ने का डर सताने लगा है। ऐसे में भविष्य में कमर्शियल माइनिंग से कोल ब्लॉकों के आवंटन का विरोध न हो, इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा का कोल इंडिया पर यह असर

कोयला खनन में व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा का कोल इंडिया पर असर पड़ने लगा है। केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम कोल इंडिया बोर्ड ने सहयोगी कंपनी एमसीएल की शेयर बाजार में लिस्टिंग की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इससे अब कंपनी के शेयर आईपीओ के माध्यम से बेची जाएगी। कोल इंडिया कंपनी के सचिव बीपी दुबे ने जारी पत्र में एसईसीएल की लिस्टिंग के लिए भी जल्द ठोस कदम उठाने की सलाह दी है।

### निजी कंपनियों के रुचि लेने की बड़ी वजह

कमर्शियल माइनिंग से कोल ब्लॉक लेने पर पूर्व में 50 फीसदी कोयला स्वयं के लिए उपयोग करना था। लेकिन अब इस बाध्यता को केन्द्र ने हटा दिया है। इससे अब कोल ब्लॉक का आवंटन पाने निजी कंपनियों के रुचि लेने की एक बड़ी वजह है। 10वें दौर की नीलामी के बाद से इस बाध्यता को समाप्त कर दिया है। 14वें दौर की बोली में पहली बार ऐसा हुआ है कि 5 नई कंपनियों की कोल ब्लॉकों की नीलामी में हिस्सा लेने बोलियां मिली है।

## सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना
### एक लाख नकद सहित जेवरात पार



घर में बिखरा सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरपारा कोहड़िया के बाबा डेरा बस्ती में सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना है। चोर ने मकान के खिड़की को तोड़कर भीतर दाखिल हुए और आलमारी में रखे 1 लाख रूपये नकदी सहित सोने एवं चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरू कर दी है।

कोहड़िया के बाबा डेरा बस्ती में निवासरत संजय केंवट के घर चोरी की घटना सामने आई है। दरअसल संजय केंवट अपने पत्नी व बच्चों के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जांजगीर चांपा गए हुए थे। जहां से वापस लौटने के बाद घर का ताला खोलने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा हुआ था, जिससे उन्हें अनहोनी होने की आशंका हुई और इसकी शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस से की गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्यवाही शुरू की। इस दौरान पाया गया की चोर घर के पीछे की खिड़की तोड़कर भीतर दाखिल हुए हैं और चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर चोरी करने के बाद पेटी और कुछ सामान को बाहर फेंक कर भाग गए हैं। मकान मालिक संजय केंवट ने बताया कि चौपाटी में वह फास्ट फूड का दुकान लगाता है। उसकी पत्नी अलमारी में 1 लाख रूपये और सोने चांदी की जेवरात थी। नकदी रकम सहित चोरों ने कुल ढाई लाख रूपये कीमत सामान पर हाथ साफ किया है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि मकान मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- खिड़की तोड़कर भीतर दाखिल हुए चोर

## मामूली बात पर युवक की डंडे से पिटाई, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मामूली बात को लेकर एक पेंटर के साथ दो लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पेंटर को पकड़कर डंडे से पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल को गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार राजूराम 39 वर्ष पिता स्व.सहदेवराम बैगिनडभार में निवास करता है। 21 दिसंबर की रात 10 बजे वह अपनी पत्नी लक्ष्मी एवं पड़ोसी शंकर राम, संजीव राम, पवन राम के साथ घर के सामने बैठकर आग ताप रहा था। उसी समय बब्बू साह भी आग तापने आ गया और उससे पीने के लिए सिगरेट मांगा। मना करने पर कहने लगा कि मांग-मांग कर खाता-पीता है। इस बात का विरोध करने पर गाली-गलौच करते हुए विवाद करने लगा। उसी समय उसका दोस्त लालू डण्डा लेकर आया और बब्बू साह ने लालू से डण्डा ले लिया और लालू ने राजू राम का दोनों हाथ पीछे से पकड़ा और बब्बू साह जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे से डण्डे से बांए आंख के ऊपर सिर पर वार कर दिया। मारपीट की घटना से राजू राम गंभीर रूप से घायल को गया। इस दौरान राजू राम की पत्नी लक्ष्मी एवं पड़ोसी शंकर, संजीव व पवन ने बीच बचाव की भी कोशिश की। घायल राजू ⏭ शेष पेज 3 पर

## दूसरे दिन भी अपराधियों के विरुद्ध जारी रही ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान ऑपरेशन शांति संचालित किया जा रहा है। नववर्ष के पूर्व कार्रवाई करते हुए कोरबा पुलिस ने दूसरे दिन भी ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी रखते हुए, 43 वारंटियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 11 स्थायी वारंटी शामिल हैं, इस प्रकार 2 दिन में कुल 94 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद लंबे समय से गिरफ्तारी से बचते हुए फरार चल रहे थे, जिन पर सतत निगरानी रखकर योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर गिरफ्तारी की गई। इस प्रकार दो दिनों में कोरबा पुलिस द्वारा कुल 94 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है। इस अभियान के अंतर्गत आज की कार्यवाई में थाना कोतवाली एवं थाना कुसमुंडा द्वारा प्रत्येक ने 5-5 गिरफ्तारी वारंट तामील किए तथा थाना सिविल लाइन्स ने 4 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। दूसरी ओर, थाना कुसमुंडा एवं थाना उरगा द्वारा क्रमशः 4 एवं 3 स्थायी वारंट तामील किए गए। कोरबा पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन शांति का मुख्य उद्देश्य जिले में ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- 43 वारंटियों की गिरफ्तारी, जिनमें 11 स्थायी वारंटी शामिल
- दो दिन में कुल 94 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस ने आम नागरिकों से की अपील

जिन व्यक्तियों के विरुद्ध वारंट लंबित हो एवं जो लंबे समय से फरार हैं, उनकी सूचना भी गोपनीय रूप से पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि उनके विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही की जा सके। शराब पीकर वाहन न चलाएं; नशे की हालत में ड्राइविंग आपके तथा अन्य लोगों के जीवन के लिए अत्यंत घातक हो सकती है। ओवरस्पीडिंग से बचें और हमेशा निर्धारित गति सीमा का पालन करें, क्योंकि तेज रफ्तार सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। दोपहिया वाहन चालक स्टंटबाजी खतरनाक स्टंट न करें, ऐसी हरकतें जानलेवा होने के साथ साथ कानूनन दंडनीय भी हैं। महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता, छेड़छाड़, हिंसा या दुर्व्यवहार न करें, यदि कहीं ऐसा कोई व्यवहार होता दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके। किसी भी आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत अपने नजदीकी थाने या डायल 112 पर दें। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले के नागरिकों की सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। फरार एवं वारंटी आरोपियों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त, सुनियोजित और निरंतर कार्रवाई जारी रखेगी।

## अदाणी फाउंडेशन की हरित पहल, अब देर रात तक खुलने लगी सब्जी मंडियां

# सोलर हाई मॉस्ट लाइटों से सप्ताहिक बाजार और चौक-चौराहे हुए रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमो

बरपाली तहसील के ग्राम पताड़ी में स्थित अदाणी कोरबा पॉवर लिमिटेड (केपील) द्वारा क्षेत्र में विकसित भारत के विकसित गांव की कहानी गढ़ी जा रही है। अदाणी फाउंडेशन, केपील के सामुदायिक सहभागिता के हरित पहल के तहत आसपास के 7 गांवों में ढांचागत विकास के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी जिम्मा उठा रहा है।

अदाणी फाउंडेशन अपने हरित पहल द्वारा ग्राम पताड़ी सहित निकटवर्ती ग्राम खोड्डल, पहंदा, पताड़ी, सरगबुंदिया, ढ़नढनी, कुदूरमाल और देवरमाल ग्राम पंचायतों के चौक-चौराहों, गलियों व सार्वजनिक स्थलों में सोलर स्ट्रीट लाईटें लगाकर एवं गांव के सप्ताहिक बाजारों में सोलर हाई मास्ट लाईटें लगाकर, सार्वजनिक विकास की दिशा में एक उज्ज्वल अध्याय लिख रहा है। अदाणी फाउंडेशन ने अपने इस अभियान के तहत कुल तीन चरणों में आसपास के गांवों में कायापलट करने में प्रयासरत है। जिनमें प्रथम चरण में 50 स्ट्रीट व तीन सोलर हाई मास्ट लाईट लगाकर गांवों को प्रकाशमान किया गया। गावों में इसका सकारात्मक परिणाम देख तथा ग्रामीणों की मांगों के आधार पर द्वितीय चरण में 60 स्ट्रीट व दो सोलर हाई मास्ट लाईटें, केपील प्रोजेक्ट के निकटवर्ती ग्राम पंचायतों में लगाकर सालों से चली आ रही मांगों को फलीभूत किया जा रहा है। जिसका पूर्ण लाभ ग्रामीणजनों, समुदायों एवं आवागमन करने वालों लोगों को हो रहा हैं। वहीं इसके जबरदस्त उत्साह को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट के निकटवर्ती ग्राम पंचायतों में अब तृतीय चरण में भी दो सोलर हाई मास्ट लाईटें लगाई गई, जबकि 64 स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य प्रगति पर है। इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की कार्य योजना बनाई जा रही है, जिससे की सौर ऊर्जा के माध्यम से गांव के पूरे क्षेत्रों में हरित रोशनी का संचार किया जा सके। गांवों के सप्ताहिक बाजारों में लगे हाई मास्ट लाईटों की रोशनी से ग्रामीण क्षेत्र के बाजार पहले की तुलना में ज्यादा देर तक खुले रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यवसायियों का व्यापार के साथ-साथ आमदनी भी बढ़ने लगी है। ग्राम पंचायत पताड़ी के सरपंच प्रधान सिंह ठाकुर ने बताया कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा लगाये गए सोलर लाईटों के कारण गांव की गलीयों में पूरी रात रोशनी रहती है, जिससे कई घटनाओं में भी बचाव संभव हो रहा है। इसके साथ ही अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे अन्य सामुदायिक कार्यों के संपादन के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों ने सराहना की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया है।



हाई मास्ट लाइट से जगमगाता बाजार।

### ट्रांसफार्मर को ही ले भागे चोर

**कोरबा।** निजी अस्पताल का निर्माण कार्य चल रहा है यहां विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर मंगवाया गया, लेकिन उसे भी चोरों ने पार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। तभी तो यहां आए दिन हत्या, डकैती, चोरी की वारदात हो रही है। चोरों ने अयोध्यापुरी दर्री के समीप निर्मित हो रहे एक निजी अस्पताल के बिजली का ट्रांसफार्मर गायब कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की कामकाज देख रहे उमेश कुमार ने कहा कि 20 दिसंबर को बिजली विभाग से आवंटित ट्रांसफार्मर लाकर लगाया गया था, जहां चोरों ने चोरी कर ली है। उमेश कुमार ने बताया कि लगभग चार लाख रुपए कीमत का ट्रांसफार्मर कॉपर वाला था और उसे चार्ज नहीं किया गया था, ट्रांसफार्मर चोरी होने की सूचना दर्री पुलिस को दे दी गई है।



Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA MAKERS
Own your real asset.
Artist's Impression
2026 DESERVES
A BETTER PLACE TO LIVE.
Representational Image
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and
2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
Work Begins at Full Pace — The Vision is Now Becoming Reality.
Actual Photo
New Town
2, 3, 4 & 5 BHK BUNGALOWS
MUNGELI ROAD
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम संपन्न

**चैतमा।** निकटवर्ती ग्राम चैतमा मे कृषि विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के मार्गदर्शन मे 14 दिवशीय जिला स्तरीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 2 अलग अलग बैच में 60 से अधिक लघु एवं सीमांत उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों ने भाग लिया एवं औद्योगिक विकास, वितीय प्रबंधन एवं शासकिय योजनाओं के बारे मे जानकारी ली। कार्यक्रम में कृषि विकास सहकारी समिति से सहायक शाखा प्रंधक चेना राम जाट, उमा शंकर धाकड़ एवं सुश्री नीतू कैवर्ट ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर कन्हैया नायक ने भी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

### बांग्लादेश घटना के विरोध में बजरंग दल ने किया पुतला दहन



**गेवरा-दीपका।** बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दीपका नगर के बजरंगियों द्वारा बांग्लादेश मुर्दाबाद इस्लामिक आतंकी मुर्दाबाद का नारेबाजी के साथ आक्रोश प्रदर्शन बजरंग चौक दीपका में किया गया एवं बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया। जिसमें प्रमुख रूप से बजरंग दल दीपका नगर संयोजक अभिषेक यादव विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री चिंता माफी मिश्र एवं बजरंग दल के समस्त प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### त्रिदोष को संतुलित रखकर रहा जा सकता है निरोगी: डॉ. शर्मा

**कोरबा।** महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ द्वारा ऑन लाइन 25 दिवसीय 100 घंटे के प्रांतीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 3 में त्रिदोष अनुसार प्रकृति निर्धारण तथा प्रकृति अनुसार आहार-विहार से सुस्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार उत्तराखंड के आजीवन सदस्य, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने त्रिदोष (वात-पित्त-कफ) के आधार पर अपनी प्रकृति का निर्धारण कैसे करें इस विषय पर विस्तार से बताते हुए सभी को त्रिदोषों का संतुलन बनाये रखने के लिये अपनी प्रकृति अनुसार आहार-विहार करने को कहा। क्योंकि त्रिदोषों को संतुलित रखकर ही हम निरोगी रह पायेंगे। साथ ही उन्होंने प्रकृति अनुसार आहार-विहार न करने को रोगोत्पत्ति का मूल कारण बताया। इस 25 दिवसीय 100 घंटे के वर्चुअल सह योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ ओडिशा, झारखंड सहित 11 जिले से 118 प्रतिभागी महिलायें महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के राज्य प्रभारी सुश्री जया मिश्रा, राज्य सोशल मीडिया प्रभारी गीतांजलि पटनायकजी एवं राज्य कार्यकारिणी हेमलता साहू के मार्गदर्शन में सह योग शिक्षक का प्रशिक्षण ले रही हैं।

### महिला कल्याण समाज का पिकनिक व भ्रमण

**कोरबा।** महिला कल्याण समाज एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा 25 दिसंबर को समाज की 50 महिलाओं एवं बच्चों के लिए रायपुर जंगल सफारी एवं पुरखौती मुक्तांगन का एक दिवसीय पिकनिक भ्रमण सचिव श्रीमती माधुरी तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों ने जंगल सफारी में वन्यजीवन का अवलोकन किया तथा पुरखौती मुक्तांगन में प्रदेश की समृद्ध संस्कृति एवं कला से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने आनंद, उत्साह एवं आपसी सौहार्द के साथ यादगार समय व्यतीत किया। महिला कल्याण समाज का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# सरपंचों पर बकाया सरकारी राशि वसूलने शुरु होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिन ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों की शासकीय राशि बकाया है उनसे वसूली के लिए अब कार्यवाही की जाएगी। कुछ पंचायत सचिवों को नोटिस जारी की गई है वहीं ऐसे लापरवाह पंचायत सचिवों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की भी तैयारी शुरु हो गई है। बीते दो माह में पंचायत सचिवों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही किए जाने के साथ उनका स्थानांतरण भी किया गया था।

पंचायत चुनाव के समय चुनाव लड़ने के इच्छुक पूर्व सरपंचों ने बकाया राशि का भुगतान करते हुए एनओसी लेकर पंचायत चुनाव लड़ा था। ऐसे सरपंचों से बकाया शासकीय राशि की वसूली तो हो गई वहीं दूसरी ओर ऐसे सरपंच भी सामने आए जो शासकीय राशि डकारने के बाद चुनाव भी नहीं लड़े और जीतने वाले सरपंच को प्रभार देने के लिए 3 से 4 महीना घूमाते रहे। इस मामले में जब प्रशासन द्वारा सख्ती बरते जाने के बाद नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार तो मिला लेकिन सरकार की बकाया राशि नहीं मिल सकी। इससे ऐसे पंचायतों में विकास कार्यों के लिए बकाया राशि की वसूली नहीं होने के कारण राशि नहीं जारी की जा रही थी। अब ऐसे ग्राम पंचायतों के विरुद्ध बकाया राशि वसूली का अभियान चलेगा। पूर्व सरपंचों के अलावा पंचायत सचिव भी शामिल हैं। जो सरपंच के साथ मिलकर शासकीय राशि दबाकर बैठे हुए हैं। अकेले जनपद पंचायत कोरबा में ही 13 ग्राम पंचायत से निर्माण कार्यों की बकाया राशि वसूलने के लिए जनपद सीईओ के द्वारा नोटिस जारी की गई है। समीक्षा के दौरान ऐसी पंचायतों की संख्या 30 से अधिक है जिन पर सरकारी पैसा बकाया है।

### निलंबन की भी हो रही तैयारी

**खास बातें**

- कई पंचायत सचिवों को जारी की गई है नोटिस
- जांच के दौरान गबन का हो रहा है खुलासा




### पोड़ी पाली में सबसे ज्यादा बकाया

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा और पाली के ग्राम पंचायतों में बकाया राशि सबसे ज्यादा है। इन जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाले बकायाधारी ग्राम पंचायतों को वसूली के लिए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के द्वारा नोटिस भी जारी की गई है। कुछ ग्राम पंचायतों के बकाया राशि वसूलने के प्रकरण पाली और पोड़ी उपरोड़ा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में चल रहे हैं। दोनों जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाली बकायाधारी ग्राम पंचायतों से जितनी राशि वसूलना है उसका आंकड़ा करोड़ के लगभग पहुंच चुका है।

## बिजली बंद होने पर सरकारी कार्यालियों में इनवर्टर है सहारा

# गांव में लग रहे सोलर पैनल, इधर कलेक्टोरेट के कई दफ्तर इससे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में एवं शहरी क्षेत्र में बिजली बचत योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने का काम तेजी से चल रहा है। वहीं दूसरी ओर जहां से प्रचार प्रसार के लिए निर्देश दिए जाते हैं वहीं के कई दफ्तर सोलर पैनल जैसी सुविधा से वंचित हैं। बिजली गुल होने पर इनवर्टर ही सहारा रहते हैं।

**खास बात**

- बिजली बचत योजना के तहत चल रहा प्रचार प्रसार



फाइल फोटो

पिछले दो माह से सोलर पैनल लगाने एवं उसके प्रचार प्रसार का काम जिला प्रशासन के द्वारा जिस तेजी से किया जा रहा है उसके तहत गरीबों के लिए बन रहे प्रधानमंत्री आवास में भी सोलर पैनल लग गए हैं। इसके साथ ही राज्य शासन की सब्सिडी योजना के तहत आम शहरवासियों को भी इससे लाभान्वित करने का काम हो रहा है। इन सबके बीच कलेक्टोरेट के कई कार्यालय जहां से प्रचार प्रसार एवं शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन का कार्य होता है सोलर पैनल की सुविधा से वंचित हैं। जब कभी बिजली गुल हुई तो दफ्तर में लगे इनवर्टर ही सहारा रहते हैं। हालांकि इनवर्टर कुछ दफ्तरों में ही लगे हैं। कलेक्टोरेट बिल्डिंग के ऊपरी तल के छत में सोलर पैनल लगाया गया है जिसका कनेक्शन कलेक्टर चेंबर तक सीमित है। बिल्डिंग में ही चलने वाले अन्य दफ्तरों में पैनल का कनेक्शन नहीं होने के कारण उन कार्यालयों को इनवर्टर से काम चलाने की मजबूरी रहती है। एनआईसी और वीडियो कांफ्रेंसिंग जैसी महत्वपूर्ण दफ्तरों में जरुर ये सुविधाएं हैं। जिन दफ्तरों ये इनवर्टर लगा है उनमें आदिवासी विकास विभाग, खनिज विभाग आदि शामिल हैं। कलेक्टोरेट परिसर में और भी दफ्तर संचालित हैं जहां इनवर्टर खराब हो गए हैं। बिजली गुल होने पर ऐसे दफ्तरों में काम काज ठप रहता है।

### ब्लाक मुख्यालयों में भी नहीं लगे पैनल

जिला मुख्यालय के अलावा ब्लॉक मुख्यालयों के सरकारी कार्यालयों में भी इसकी दरकार बनी हुई है। जिले में 5 ब्लॉक मुख्यालय आते हैं जिनमें शिक्षा विभाग सहित पीएचई एवं स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी में भी सोलर पैनल सिस्टम लगाए जाने की योजना जरुर तैयार हुई थी किंतु उस पर क्रियान्वयन नहीं हो सका। जबकि ग्रामीण अंचलों में बिजली की लचर व्यवस्था का परिणाम वहां की ग्रामीण जनता के साथ साथ सरकारी कार्यालय का स्टाफ भी भुगतता है। कई बार घंटों बिजली गुल रहने के कारण वीडियो कांफ्रेंसिंग भी नहीं हो पाती।

## अलग अलग सड़क हादसों में दो घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहली घटना बालको थाना अंतर्गत दर्री मुख्य मार्ग डेम चौक के पास घटना सामने आई है, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन का कहर देखने को मिला। ट्रेलर वाहन ने दो बाइक सवार को अपनी चपेट में लिया। वहीं दूसरी घटना में एक बोरवेल वान चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को ठोकर मार दिया। सड़क हादसों में घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बालको में निवासरत युवक अपनी मोपेड लूना में मछली बेचने के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मोपेड सवार युवक ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया और ट्रेलर उसके ऊपर से पार हो गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि मोपेड सवार की जान बच गई अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। टायर की चपेट में आने से उसकी मौत भी हो सकती थी। इस दौरान एक बाइक सवार हेलमेट पहना हुआ था, जो टेलर की चपेट में आने से दूर जा गिरा। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और घायलों को किसी तरह अस्पताल भर्ती कराया गया। इसी तरह दूसरी घटना उरगा थाना इलाके की है, कनकी के पास बोरवेल वाहन ने बाइक सवार एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जहां पहिए के नीचे बाइक आने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं युवक पहिए के नीचे आ गया था, जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायल युवक पंतोरा का रहने वाला है वह कोरबा काम से आया हुआ था और काम निपटाकर वापस लौट रहा था। घटना की सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए घायल को अस्पताल के लिए रवाना किय।

# पटवारी को हटाने ग्रामीण लामबंद चक्काजाम की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

जनपद पंचायत कटघोरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अरदा के पटवारी हल्का में पदस्थ पटवारी को हटाने के लिए ग्रामीण लामबंद होते हुए चक्काजाम की चेतावनी दे दी है। जनपद सदस्य श्रवण कुमार तंवर ने अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा को सौंपे ज्ञापन में 1 जनवरी तक पटवारी का स्थानांतरण नहीं होने पर 2 जनवरी को अरदा चौक में चक्काजाम किए जाने की चेतावनी दी है।

अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कटघोरा जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 6 के सदस्य श्रवण कुमार तंवर ने बताया कि राजस्व पटवारी हल्का नंबर 7 ग्राम पंचायत अरदा में पटवारी के पद पर संदीप कश्यप पदस्थ है उक्त हल्के के अंतर्गत ग्राम भेजीनारा, तेलसरा, जमनीमुड़ा, घनाकछार आदि ग्राम आते हैं। इतने ग्रामों के राजस्व कार्य पटवारी संदीप कश्यप के द्वारा सही ढंग से संपादित नहीं किए जाने से ग्रामीण परेशान हैं। पटवारी की कार्यशैली और व्यवहार से ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं जिसकी पूर्व में भी अनुविभागीय अधिकारी को सूचना दी गई थी लेकिन आज तक पटवारी को हल्के से हटाने की कार्यवाही नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने इस मुद्दे को लेकर चक्काजाम करने का निर्णय लिया है। अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे पत्र में जनपद सदस्य श्रवण कुमार तंवर ने बताया कि 1 जनवरी तक अगर पटवारी को हटाने की कार्यवाही नहीं की गई तो ऐसी स्थिति में हल्के के अंतर्गत आने वाले ग्रामीणों के द्वारा 2 जनवरी को बांकीमोंगरा सुतर्रा मार्ग के अरदा चौक में चक्काजाम किया जाएगा।

# धान खरीदी केंद्रों में किसानों से अतिरिक्त धान लेने का सामने आया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरकोमा धान खरीदी केंद्र में किसानों से सूखती के नाम पर अवैध रूप से अतिरिक्त धान लिए जाने का मामला सामने आया है साथ ही किसानों से हमाली का कार्य भी कराया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद खाद्य निरीक्षक ने खरीदी केंद्रों की जांच पड़ताल शुरु की तो किसानों की शिकायत सामने आयी।



इलेक्ट्रॉनिक तौल में अधिक निकला धान।

इस पूरे मामले के अनुसार किसानों से 40.900 किलो धान लिया जा रहा है, बोरे में धान 40 किलो और बोरे के वजन का 700 ग्राम लेना है जिससे कुल बोरे के साथ 40.700 लिया जाना है प्रति बोरा 200 ग्राम से 300 ग्राम अतिरिक्त धान किसानों से सूखती के नाम पर लिया जा रहा है। कोरकोमा, चचिया और कुदमुरा धान खरीदी केंद्र में अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद तत्काल भैंसमा तहसीलदार के के लहरे ने कार्यवाही की बात कहते हुए जांच के लिए खाद्य निरीक्षक को मौके पर भेजा जिसमें जांच के दौरान शिकायत सही मिली। वहीं किसानों ने भी खाद्य निरीक्षक को समस्या से अवगत कराया। जांच में किसानों से 40.800 किलो धान लेने की बात सामने आईं साथ ही किसानों के द्वारा हमाली करने, धान पलटी नहीं करने, बोर से बोरे में पलटी करने की बात सामने आई, 8 हमाली के भरोसे कोरकोमा धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी की जा रही जबकि 600 क्विंटल प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट शासन ने की है, किसानों के लाए बोर से समिति के बरदाने में धान की पलटी की जा रही है, किसान स्वयं धान पलटी कर वजन कर रहे है, खाद्य निरीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर जल्द ही कुदमुरा और चचिया धान खरीदी केंद्र की जांच करने की बात कही है।

# कौशिल्या महाकुंभ सम्मेलन में आज आएंगी माधवी लता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

3 अरब 33 करोड़ 33 लाख राम नाम लेखन महायज्ञ की श्रृंखला में कई सोपान शामिल किए गए हैं। हिंदू सम्मेलनों की कड़ी के बाद 28 दिसंबर को माता कौशिल्या महाकुंभ का आयोजन दशहरा मैदान आरपी नगर में दोपहर 12 बजे किया जा रहा है। बताया गया कि 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पूरे जिला की मातृशक्ति घंटाघर मैदान में एकत्रित होंगी। यहां से वे अपने सिर पर 21 रामनाम लेखन साहित्य लेकर कौशिल्या यात्रा में शामिल होंगी जो डॉ राजेन्द्र नगर दशहरा मैदान में कौशिल्या कुंभ समाप्त होगा। इसमें अपोलो हॉस्पिटल हैदराबाद की अध्यक्ष माधवी लता मुख्य अतिथि होंगी। वे लोपा मुद्रा चेरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष लथमा फाउंडेशन की ट्रस्टी भी है। इस कार्यक्रम में माधवानंद सेवा आश्रम, केंदीय आश्रम की गिरिजेश नंदनी, ब्रम्हाकुमारी संस्था की रूकमणी, भवानी मंदिर की ज्योति पांडेय, गायत्री परिवार की अर्चना मिश्रा, सतनामी कल्याण समिति की संरक्षक रामबाई लहरे, सिख समाज की श्रीमती मनिंदर कौर, छूरी रामजानकी मंदिर के कन्हैया दास महराज और रामनाम लेखन समिति के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में रामनाम लेखन महायज्ञ के साथ भारत की सामाजिक चुनौतियों के बारे में मुख्य अतिथि माधवी लता का प्रमुखता से उद्बोधन होगा।



माधवी लता

# धान बेचने के लिए पर्याप्त समय, किसान निश्चिंत शासन की खरीदी व्यवस्था से संतुष्टि

**कोरबा।** पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्र के किसान सोन साय लगभग 4 से 5 एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। इस वर्ष वे अब तक केवल 10 क्विंटल धान बेच पाए हैं क्योंकि उनके खेतों में अभी भी मिंजाई का काम चल रहा है। उनका कहना है कि धान बेचने को लेकर उन्हें किसी प्रकार की चिंता नहीं है। जैसे ही धान पूरी तरह सूखकर इकट्ठा हो जाएगा, वे उपार्जन केंद्र जाकर बिक्री कर लेंगे। धान की मिंजाई में जुटे किसान मान सिंह और जदुबर सिंह का भी मानना है कि खरीदी अवधि 31 जनवरी तक बढ़ाए जाने से किसानों को पर्याप्त समय मिल गया है। इससे वे बिना किसी तनाव के खेत का काम पूरा कर पा रहे हैं और समय पर उपार्जन केंद्र में धान बेचने में समर्थ होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देशन में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण और कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। धान उपार्जन केंद्रों में पारदर्शी तरीके से खरीदी सुनिश्चित की जा रही है और मूल किसानों से ही धान खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाएँ की गई हैं।




## 20 से ज्यादा तकनीकी सहायक करारोपण अधिकारी व नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी

# पीएम आवास कार्य में प्रगति नहीं होने पर मैदानी अमले का रुकेगा वेतन : नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने शनिवार को जिला पंचायत में ग्रामीण विकास विभाग की विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम जनमन, पीएम सूर्यघर,महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन एवं डीएमएफ जिला खनिज संस्थान न्यास की गहन समीक्षा बैठक ली।



बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ।

बैठक में सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की ग्राम पंचायतवार विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लावे। शून्य प्रगति वाले मैदानी अमले के वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। सीईओ ने न्यून प्रगति वाले 20 से ज्यादा तकनीकी सहायक, करारोपण अधिकारी, आवास के नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एक महत्वाकांक्षी योजना है, इसके कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ और एसडीओ को निर्देश दिए कि आवास निर्माण के कार्यों की नियमित समीक्षा करें। सीईओ ने पीएम जनमन आवास योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों के आवासों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सीएसपीडीसीएल के समन्वय से प्रधानमंत्री जनमन आवासों में शीघ्र मीटर लगाने तथा सौर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री नाग ने कहा कि खनिज न्यास मद से जनहित में बड़े पैमाने पर कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ऐसे सभी कार्यों में प्रगति लाएं और निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने बताया कि कलेक्टर कुणाल दुदावत स्वयं डीएमएफ के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे, इसलिए कार्यों की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत उन्होंने जियो टैगिंग कार्य पूर्ण करने, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### मनरेगा से बनेगी आजीविका डबरी

सीईओ ने निर्देश दिए कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण के कार्य प्राथमिकता से लिए जाएं। डबरी निर्माण कार्यों में तकनीकी प्रणाली का उपयोग करते हुए गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि जिले में आजीविका डबरी ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन के स्रोत बनाएं। मनरेगा एवं अभिसरण से स्वीकृत आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्यों को पूर्ण कराएं। उन्होंने सभी तकनीकी सहायकों को निर्देश दिए कि प्रतिमाह अच्छे कार्यों की 5 सफलता की कहानी जिला कार्यालय को प्रेषित की जावे। पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए विभागीय जांचों को 15 दिनों में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए।

